




## एक नजर में




### कार्यकर्ता हनुमान जी की तरह होना चाहिए मजबूत : भदौरिया

**सीहोर.** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता को हनुमान जी की तरह रामकाज के लिए सक्रिय रहना चाहिए कपाल पर तिलक दंड और भगवा केसरिया गमछा हमारी पहचान होना चाहिए . इसी प्रकार हमारा लक्ष्य राष्ट्र की रक्षा गौ माता की रक्षा बहन बेटियों की रक्षा सनातन हिंदू धर्म की रक्षा होना चाहिए . उक्त बात विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक में प्रखंड कार्यकर्ताओं प्रखंडों के अध्यक्ष संयोजक मंत्री को संबोधित करते हुए प्रांत मंत्री नवल सिंह भदोरिया प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी प्रांत सह .संयोजक लोकेंद्र मालवीय ने संयुक्त रूप से कहीं . बैठक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई . बैठक में संगठन के राजू मीणा, मोहन भाटी, भानु राजपूत, कुनाल, रेवाशंकर जाट, राजेश गुप्ता, रमा सिंह, नीलू चौहान, प्रभात मेवाड़ा, कमलेश कुकंदा,महेश मेवाड़ा,आशीष सिसोदिया, सुरेश दांगी, जगदीश कुशवाहा, धीरज ठाकुर, राकेश ठाकुर,परमसिंह जाट, आशीष कुशवाह, यज्ञेश, समीर राय, शुभम मालवीय, रोहन यादव, क्षितिज श्रीवास्तव, सुनील वर्मा, गिरीश पाठक, हेमंत विश्वकर्मा, चेतन वर्मा, भगवान कुशवाहा, सुशील उपाध्याय एवं अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे .



### विद्यार्थियों को किया साइबर अपराधों के बारे में जागरूक

**सीहोर .** स्पेशल कैम्पेन 5 .0 के अंतर्गत जनसंपर्क विभाग द्वारा शासकीय सांदीपनी मनुबेन स्कूल तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई . कार्यशाला में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देते हुए ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, पासवर्ड सुरक्षा, और सोशल मीडिया पर सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूक किया गया . इस कार्यशाला में जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया हैंडलर जितेंद्र रायकवार ने विद्यार्थियों को जागरूक किया . इस दौरान मनुबेन स्कूल के प्राचार्य दीपसिंह राठौर, उत्कृष्ट स्कूल की प्राचार्य श्रीमती सुनीता जैन सहित शिक्षकगण उपस्थित थे .




### सनाढ्य ब्राह्मण समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

**सीहोर .** सनाढ्य ब्राहमण समाज द्वारा अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष पंडित अनिल उपाध्याय और कार्यकारी अध्यक्ष पंडित मुरली शर्मा सहित अन्य ने यहां शामिल करीब 40 से अधिक प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिओम दाऊ, पं . शैलेष तिवारी, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती उषा श्रोत्रिय और कार्यकारी अध्यक्ष मुरली शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष आजाद पाराशर आदि ने संबोधित किया . समाज के अध्यक्ष पंडित अनिल उपाध्याय और कार्यकारी अध्यक्ष पंडित मुरली शर्मा ने बताया कि सनाढ्य ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में पारिवारिक दीपावली समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था . जिसमें महिला वर्ग में मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता, बालक-बालिका वर्ग में चेयररेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था . जिसमें प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण किया . इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे .



### सृजन संगठन अभियान के तहत पर्यवेक्षकों ने की रायशुमारी

**सीहोर .** अभा महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल एवं कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नूरी खान के निर्देश पर महिला कांग्रेस संगठन सृजनात्मक कार्यक्रम के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजरात की अध्यक्षता, जिला प्रभारी चंदा चौहान, महक राणा के विशेष आतिथ्य एवं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर की उपस्थिति में सोमवार को कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक आयोजित कर नवीन महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेतु रायशुमारी की गई . इस मौके पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद उम्मीदवार हेतु बायोडाटा लिए गए . इस अवसर पर मीरा रायकवार, तबस्सुम खान, ममता कीर, दिप्ती कीर, ममता ठाकुर, ममता शर्मा, तेजु सौलंकी, रीना मालवीय, तेजु चौहान, विन्दा बाम्बे, अनिता कीर, शाहना बी, रमा पटेल, नीतु यादव, तेज कोर चौहान, मंजु प्रजापति, रेखा योगी, बेगम बाई, रीचा योगी, बविता, ऋष्टा सोनी, संगीता प्रजापति, प्रीतम दयाल चौरसिया, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, रामनारायण शर्मा, देवीसिंह तंवर, कृपाल मालवीय, प्रेम गुप्ता, अब्बास पार्षद, केके रिछारिया, भगत सिंह तोमर, विनीत गोयल, गजराज परमार आदि उपस्थित थे .


### राज्य स्तरीय फ्री स्टाइल डायमंड ने हासिल की जीत

**सीहोर .** शहर की कुश्ती खिलाड़ी डायमंड संधानी ने उज्जैन में 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर जीत हासिल की है . डायमंड संधानी शहर के एक निजी स्कूल में कक्षा आठवीं के विद्यार्थी है और शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है . उनकी इस कामयाबी पर प्राचार्य मनीषा, विष्णु प्रजापति, रमेश आहुजा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, हरीशचंद्र आर्य आदि ने बधाई दी है .

# कहीं फार्मासिस्ट लापता तो कहीं बिलों में घपले

## लंबे अर्से बाद ड्रग इंस्पेक्टर ने उठाई मेडिकल स्टोर की जांच करने की जहमत, मिली कई गंभीर खामियां

- छिंदवाड़ा कांड के बाद शासन ने दिए थे जांच के निर्देश
- ड्रग इंस्पेक्टर ने जांच के लिए अनेक दवाओं के नमूने लिए



**सीहोर.** सोमवार को ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा शहर के अनेक मेडीकल स्टोर की जांच की गई . इस दौरान कई संस्थानों पर कमी पाई गई .

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 अक्टूबर. गत दिनों छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सीरफ सहित अन्य दो दवाओं से मासूम बच्चों की हुई मौतों के बाद शासन ने प्रदेशभर में जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए थे जिसके कई दिन बाद सोमवार को जिले के ड्रग इंस्पेक्टर ने करीब दस मेडिकलों पर जाकर जांच की. इस दौरान कुछ दवा दुकानों पर फार्मासिस्ट नहीं मिले तो कुछ पर दवाओं के बिल नहीं पाए गए. कार्रवाई का सिलसिला देर शाम तक जारी है. फिर लापरवाह मेडिकल संचालकों को नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.**

मालूम हो कि जिलेभर में 1500 से अधिक दवा दुकानें संचालित हो रही है जो फार्मासिस्ट के लाइसेंस पर चलाए जा रहे हैं. ऐसे में मरीज को दी जाने वाली दवाओं में लापरवाही रोकने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है. जांच के दौरान सोमवार को ड्रग इंस्पेक्टर किरण मगरे जब मुख्यालय के विभिन्न मेडिकल स्टोर पर जांच करने पहुंचे तो रोजाना पंजी के बिल नहीं मिले. जिससे मौके पर यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि मेडिकल संचालक ने दवा लेने पहुंचे लोगों को कौन सी दवाएं दी हैं. वहीं कुछ मेडिकल पर फार्मासिस्ट की जगह संचालक और उनके लड़के ही पर्चे देखकर दवाएं देते मिले. शाम तक जांच कार्रवाई जारी रहने से अभी ड्रग इंस्पेक्टर स्थिति स्पष्ट नहीं कर पाए हैं. हालांकि उन्होंने लापरवाह मेडिकल संचालकों को नोटिस जारी करने की बात कही है. सोमवार को हुई इस कार्रवाई से स्पष्ट हो गया है कि जिले भर में मेडीकल स्टोर संचालकों द्वारा अनियमितताएं बरती जा रही हैं और इनकी वजह से कई बार मरीजों को गलत दवाओं का सेवन करने का खामियाजा भुगतना पड़ा है. इन मेडीकल स्टोर को मनमर्जी करने की छूट इसलिए मिलती है, क्योंकि जिम्मेदारों द्वारा इनकी जांच करने की जहमत तभी उठाई जाती है जब मेडीकल स्टोर या डॉक्टरों की लापरवाही से कोई घटना घटित हो जाती है. अगर नियमित रूप से मेडीकल स्टोर की जांच की जाए तो और रहस्योद्घाटन हो सकते हैं. सूत्रों की मानें तो एक लायसेंस से कई मेडीकल स्टोर संचालित हो रहे हैं. बिना फार्मासिस्ट के मेडीकल स्टोर पर काम करने वाले लड़के पर्चा देखकर दवा देते हैं.

### जांचोपरांत करेंगे आगामी कार्रवाई

सोमवार को अनेक मेडीकल स्टोर की जांच की गई . इस दौरान क्रय-विक्रय पंजी, फार्मासिस्ट की उपलब्ध्ता की जांच की गई . बच्चों की दी जाने वाली दवाओं के सैंपल जांच करने लिए गए हैं .एक मेडीकल स्टोर पर फार्मासिस्ट नहीं मिला है तथा लगभग सात मेडीकल स्टोर पर भी कमियां मिली हैं . इन पर उचित कार्रवाई की जाएगी .

**किरण मंगरे,**
औषधि निरीक्षक, सीहोर

### केमिस्ट एसोसिएशन ने सीएम से लगाई थी गुहार

छिंदवाड़ा सिरप कांड के बाद सक्रिय हुए शासन और स्थानीय प्रशासन द्वारा मेडीकल स्टोरों की सघन जांच शुरू कर दी गई थी . इसे लेकर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर औषधि नियंत्रण विभाग तथा स्थानीय प्रशासन पर अनावश्यक एवं दमनात्मक कार्रवाई करने का आरोप लगाया था . एसोसिएशन का कहना था कि सभी दवा विक्रेताओं द्वारा पैक बंद दवा का विक्रय करते हैं, लेकिन प्रदेश के कई जिलों में दवा दुकानों को सील करने, फार्मासिस्ट की उपलब्धतता के नाम पर पूछताछ व अन्य कार्रवाईयों की घटनाएं हो रही हैं जिससे दवा विक्रेताओं में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है . संघ का कहना था कि शासन से प्रतिबंधित औषधियों की अद्यतन सूची जारी करने का अनुरोध पूर्व में किया जा चुका है, लेकिन बिना स्पष्ट अधिसूचना के कार्रवाई करना उचित नहीं है . जब तक किसी विक्रेता के प्रत्यक्ष लापरवाही या दोष प्रमाणित न हों तब तक उसके खिलाफ किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई न की जाए .

### गहरी खंती में नहाने उतरा युवक डूबा



**सीहोर.** थाना मंडी अंतर्गत आने वाले ग्राम आमझिर डाकपुलिया के समीप एक गहरे गड्डे में भरे पानी में नहाने के लिए अपने साथियों के साथ उतरे एक ग्रामीण युवक की डूबने में से मौत हो गई. मंडी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा है. जानकारी के अनुसार इछावर थाना क्षेत्र के ग्राम भाऊखेड़ी निवासी कपिल वर्मा आ. धर्मसिंह वर्मा अपने दोस्तों के साथ सोमवार को आमाझिर से डाकपुलिया मार्ग स्थित पानी से भरी खंती में नहाने के लिए गया था. बताया जाता है कि नहाते वक्त गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया. जब तक उसे बाहर निकाला जाता उसकी मौत हो चुकी थी. सूचना मिलने पर पहुंची मंडी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजते हुए जांच प्रारंभ कर दी है. गौरतलब है कि जिला मुख्यालय के समीप ही ऐसे अनेक गहरे गड्ढे हैं जिनमें बारिश का पानी भरा है. सुनसान क्षेत्रों में बने इन गहरे गड्ढों में नहाने आने वाले कई लोगों की जलसमाधि बन चुकी है, लेकिन प्रशासन इस ओर से अनदेखी किए हुए है.

## साड़ी विक्रेता को लगाया सात हजार का चूना

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 अक्टूबर.** समीप के इछावर तहसील मुख्यालय पर सोमवार को नगर स्थित साड़ी की दुकान पर एक युवक आया और बहन के लिए साड़ी पसंद करने लगा. उसने साड़ी व्यापारी को अपना परिचय देते हुए खुद को आयुर्वेदिक डॉक्टर बताया. रीढ़ की हड्डी चेक कराने के बहाने उसने व्यापारी से कुर्ता उतरवाया और जब व्यापारी लेट गया तो उसने कुर्ते की जेब में रखे 7 हजार रुपए निकाल लिए और तेल लेने का कहकर रफू चक्कर हो गया.

मामला कसेरा बाजार में साड़ी की दुकान का है. दुकान संचालक शंकर चौहान की दुकान पर दोपहर 2 बजे एक युवक आया. इसने एक साड़ी पसंद की. इसके बाद कॉल कर बहन को साड़ी पसंद करने के लिए दुकान पर बुलाया. 1 घंटे तक उसकी बहन नहीं आई. तब तक दुकान पर ग्राहकों की भीड़ खत्म हो गई थी. इस युवक ने दुकान संचालक से कहा कि मैं आयुर्वेदिक डॉक्टर हूं और आपके नगर में क्लीनिक खोल रहा हूं. यह कहते हुए उसने शंकर चौहान से इलाज कराने को कहा. चौहान ने पहले तो उसे मना कर दिया लेकिन उसके बार-बार कहने पर उन्होंने नब्ज दिखाई. युवक ने कहा कि तुमको रीढ़ की हड्डी में समस्या है. आप कुर्ता उतारकर लेट जाइए. जब कुर्ता उतार कर व्यापारी लेट गया तो युवक ने कहा कि मैं तेल लेकर आता हूं. उससे आपकी कमर का दर्द ठीक हो जाएगा. जब शंकर चौहान उठकर बैठे और उन्होंने कुर्ते को देखा तो उसमें रखे 7 हजार रुपए गायब थे. इसके बाद सीसीटीवी कैमरे में युवक को देखने के लिए कैमरे खंगाले जा रहे हैं. उधर पुलिस ने इस तरह की शिकायत से इनकार किया है.

## नर्मदा व अन्य घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

- जिले भर में उत्साह के साथ दिया अस्त होते सूर्य को अर्घ्य
- मंगलवार को सूर्योदय को अर्घ्य देकर होगा पर्व का समापन

नवभारत न्यूज

**बुधनी 27 अक्टूबर.** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा सोमवार को नगर केनर्मदा तट स्थित विभिन्न घाटों पर श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है. शाम को श्रद्धालु परिवार के साथ नर्मदा तट पहुंचे व अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया. व्रती महिलाओं ने नदी के पवित्र जल में खड़े होकर सूर्य देव से परिवार की सुख-शांति और



समृद्धि की मंगल कामना की.

सुबह से ही नगर में छठ की रौनक देखने लायक रही. घर-घर में ठेकुआ और प्रसाद की सुगंध फैल रही थी. श्रद्धालु महिलाओं ने शुद्ध घी में ठेकुआ, पूड़ी और पांच प्रकार के फलों से पूजा का सूप सजाया. परिवारजनों के साथ दौरा सिर पर रखकर श्रद्धा भाव से घाट की ओर प्रस्थान किया।

सोमवार को सूर्यास्त का समय शाम 5.40 बजे रहा, इसी समय श्रद्धालुओं ने पहला अर्घ्य दिया. वहीं मंगलवार को सुबह 06.31 बजे उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित किया जाएगा. इसी के साथ चार दिवसीय भव्य छठ महापर्व का समापन होगा.

### जिला मुख्यालय पर भी उत्साह से मना छठ पर्व

नगर के भोजपुरी समाज के द्वारा विगत तीन दिवस से छठ माता की पूजन तैयारी कर रहे थे . आज तीसरे दिन समाज के लोगों ने सीवन नदी के घाट पर पड़ूबते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया एवं छठ माई से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की . इस मौके पर छठ माई के गीतों के भजनों की सुमधुर प्रस्तती दी गई . जैसे ही सूर्य देव अपने अंतिम पढ़ाव पर पहुंचने वाले थे, उसी समय अर्न्तराष्ट्रीय कथा वाचक पं . प्रदीप मिश्रा छठ घाट पर आए एवं समाज के लोगों के साथ में उन्होने छठ माई की पूजा अर्चना के बारे में प्रकाश डाला और सूर्य देव की आरती करवाई .कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्रूक्ष प्रिंस विकास राठौर, पूर्व नपा अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा भी उपस्थित रहे .

### स्टेट मास्टर्स गेम्स स्पर्धा 9 से प्रारंभ

**सीहोर.** स्टेट मास्ट्र्स गेम्स उज्जैन में 6 वी स्टेट मास्टर्स गेम्स प्रतियोगिता 9 व 10 नवम्बर को उज्जैन में आयोजित होगी. सचिव अफशा सिद्दिकी ने बताया कि मास्टर्स गेम्स प्रतियोगिता में 30 से 35 वर्ष, 35 से 40 वर्ष से पांच के अंतराल के साथ 90 वर्ष के आयु समूह में आयोजित की जाएगी। इसमें एथलेटिक्स, कबड्डी, बैडमिंटन, पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग, वालीबॉल, आर्म रेरूलिंग, फुटबॉल, हॉकी आदि के मुकाबले आयोजित होगें. इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगें। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 9 नवम्बर से पहले अपना पंजीयन कराने को कहा गया है.

## नगर में बढ़ती चोरी की वारदातें दुर्भाग्यपूर्ण : विधायक

- माहेश्वरी समाज के लोगों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन
- बीते दिनों हुई चोरी का अब तक नहीं मिला पुलिस को सुराग

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 अक्टूबर.** पुलिस की सक्रियता के बावजूद शहर में लगातार बढ़ती चोरियों की वारदातें दुर्भाग्यपूर्ण है सब कुछ पुलिस के भरोसे भी नहीं छोड़ा जा सकता है नागरिकों को भी सतर्क रहना होगा.

सोमवार को विधायक सुदेश राय ने नेहरू कॉलोनी में राजू झवर के घर हुई चोरी की घटना को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे माहेश्वरी समाज के लोगों के आक्रोश को शांत करते हुए यह बात कही. उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी तंत्र रात्रि गस्त को और भी मजबूत बनाने सहित चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के लोगों की गिरफ्तारी के संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक से जल्द ही चर्चा करेंगे. नेहरू कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास हुई चोरी की घटना और अब तक चोरों के गिरफ्तार नहीं होने के कारण माहेश्वरी समाज के लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश बना हुआ है. कोतवाली थाना पुलिस अब तक चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का कोई भी सुराग नहीं लगा पाई है. इस संबंध में सोमवार को माहेश्वरी समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं और समाजजनों सहित पीड़ित परिवार के सदस्यों ने श्री राय को घटना से अवगत कराते हुए नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में हो रही लगातार चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और राजू झवर के यहां से 10 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले जाने वाले चोरों को गिरफ्तार करने के साथ पीड़ित परिवार की हर संभव मदद किए जाने की मांग की गई. विधायक सुदेश राय ने माहेश्वरी समाज के लोगों की मांग को गंभीरता से लिया और इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक से चर्चा करने की बात कही है.



### नाबालिग को अगवा करने वाला धराया

**भैरूंदा.** पुलिस ने नाबालिग को बहलाफुसलाकर उसे अगवा करने के आरोपी को गिरफ्तार करते हुए नाबालिग को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है. गत दिवस फरियादी ने रिपोर्ट किया कि उसकी 12 वर्षीय नाबालिक लड़की को विशाल नाम का लड़का बरगलाकर ले गया है. घटना की गंभीरता को देखते हुए विशाल की तलाश शुरू कर दी थी. थाना प्रभारी घनश्याम दांगी द्वारा टीम गठित की गई. टीम द्वारा नाबालिक को खातेगांव बस स्टैंड से आरोपी विशाल इवने के कब्जे से बरामद किया. नाबालिग ने आरोपी पर बलात्कार करने का आरोप लगाया. आरोपी विशाल को न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल दाखिल कराया गया.

कार्रवाई | तीसरी रेल लाईन निर्माण के लिए तालपुरा में प्रशासन ने किए 46 परिवार विस्थापित

## महिला के विरोध को दरकिनार कर हटाया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**बुधनी 27 अक्टूबर.** बुधनी इंदौर रेल लाइन निर्माण कार्य को लेकर प्रशासन ने तहसील के ग्राम तालपुरा में कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया. एसडीएम डीएस तोमर, एसडीओपी रवि शर्मा, तहसीलदार ललित सोनी सहित प्रशासनिक अमला इस मौके पर मौजूद रहा.



प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधनी से इंदौर के लिए प्रस्तावित तीसरी रेल लाइन की ज़द में आने वाले तालपुरा ग्राम के लगभग 46 मकान शासकीय भूमि पर बने हुए थे. प्रशासन ने इन मकानों को चिन्हित कर कार्रवाई करते हुए संबंधित परिवारों को विस्थापित किया है. बताया गया कि ग्राम तालपुरा में खसरा क्रमांक 30/1/1/1, रकबा 0.360 हेक्टेयर भूमि पर महिला कमलाबाई एवं उनके परिजन कई वर्षों से कृषि कार्य कर रहे थे. शनिवार को प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया. इस दौरान रेल्वे के सबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे थे.

एसडीएम डीएस तोमर ने बताया कि रेल लाइन निर्माण कार्य में बाधा बन रहे सभी 46 परिवारों को विस्थापित किया गया है. इस दौरान एक महिला कमलाबाई ने विरोध भी जताया था. प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद उन्होंने स्वेच्छा से भूमि खाली कर दी. तीसरी रेल लाइन निर्माण कार्य के लिए प्रशासन की कार्रवाई अहम मानी जा रही है, जिससे परियोजना की गति तेज मिलने की संभावना है.

## विद्यार्थियों को दिलाई तंबाकू से बचने की शपथ

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 अक्टूबर.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जिले में संचालित किए जा रहे टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत उत्कृष्ट विद्यालय में विद्यार्थियों को तंबाकू से बचाव के लिए शपथ दिलाई गई.

नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया और तंबाकू से स्वयं को एवं अपने समाज को बचाने के लिए प्रेरित किया गया. राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 9 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक 60 दिवसीय विशेष अभियान टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 चलाया जा रहा है. इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू से होने वाली घातक बीमारियों से बचाना और जागरूक करना है. शासन द्वारा अभियान के तहत र जिले के 400 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य प्रदान करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए है. जिसके प्रथम चरण में जिले के 100 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने के का लक्ष्य निर्धारित किया गया.

इस लक्ष्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से जिले में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. ताकि सभी स्कूलों के साथ ही जिले को भी तंबाकू मुक्त जिला बनाया जा सके. इस अभियान में शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अनेक विभागों द्वारा सहभागिता की जा रही है.